खबर संक्षेप

## सेवानिवृत हुए संयुक्त आयुक्त विकास



**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ रहे संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश का अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदाई एवं सम्मान समारोह में कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने अपने विचार साझा कर शाल, श्रीफल एवं स्मृतियां भेंट किया। साथ ही सेवानिवृत संयुक्त आयुक्त विकास को स्वस्थ जीवन यापन करने की शुभकामनाएं भी दी।

## पेंशन प्रकरणो के निराकरण की प्रक्रिया पूर्णतः होगी ऑनलाइन

**शहडोल।** जिला पेंशन अधिकारी एस.एम.सिद्दीकी ने बताया कि शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरणो का निराकरण राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से किया जाएगा। राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल में पेंशन प्रकरण के निराकरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन होगी एवं पृथक से कोई भौतिक दस्तावेज प्रेषित नही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरणो को निराकरण हेतु आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में शासकीय सेवक के समस्त सुसंगत विवरण पूर्णतः भरे हुये एवं अद्यतन हो।सेवानिवृत्त हुये शासकीय सेवक के पेंशन प्रकरण पेंशन अधिकारी को प्रेषित करते समय अद्यतन विवरण आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में पूर्ण करने तथा आगामी दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु परिशिष्ट-1 अनुसार सुसंगत सेवा विवरण (प्रोफाईल) आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में 31 मार्च 2026 तक अद्यतन करने हेतु समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया हैं।

## किसानो की मोटर साइकिल रैली को सीईओ ने दिखाई हरी झंडी



**शहडोल।** प्रदेश शासन के किसान कल्याण वर्ष 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों की मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। किसानो की मोटर साइकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने कलेक्ट्रेट परिसर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य किसानों के बीच जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना, शासन की कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना और किसानों को सम्मानित करना है। किसानो की मोटर साइकिल रैली शहडोल कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर गांधी चौक से बुढार चौक होते एवं लल्लू सिंह चौराहा में संपन्न हुई।

## साईं दरबार में उमड़ेगी श्रद्धा

*स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण होने पर आज विशाल भंडारा*

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय का डेवलपमेंट एरिया घरौला मोहल्ला में आज भक्ति और सेवा के संगम का साक्षी बनेगा। स्थानीय प्रसिद्ध साईं मंदिर की स्थापना के गौरवमयी 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा एक भव्य वार्षिकोत्सव और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रद्धा और सेवा का महापर्व पिछले डेढ़ दशक से आस्था का केंद्र रहे इस मंदिर के स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। सुबह विधि-विधान से पूजन-अर्चन के पश्चात दोपहर से प्रभु के प्रसाद (भंडारे) का वितरण शुरू होगा। आयोजन समिति ने इसे एक सामुदायिक उत्सव का रूप दिया है, जिसमें भक्तिमय भजनों के बीच श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## भाजपा को विकास की उम्मीद, कांग्रेस को जनता से दूरी का आरोप

# बजट पर सियासी संग्राम




शहडोल। केंद्र सरकार द्वारा संसद में आम बजट पेश किए जाने के बाद देशभर में राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। सत्ताधारी भाजपा जहां बजट को विकास, रोजगार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बता रही है, वहीं कांग्रेस इसे आम जनता, किसान और युवाओं के लिए निराशाजनक करार दे रही है। व्यापार, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और महंगाई जैसे मुद्दों पर दोनों दलों के नेताओं के बयान सामने आए हैं। जिला स्तर पर भी बजट को लेकर पक्ष और विपक्ष की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

### बजट के समर्थन में बयान (भाजपा)

### व्यापारियों के हित का है बजट




दौलत मनमानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बजट व्यापारियों के हित में है। छोटे और मध्यम व्यापार को सस्ती ऋण सुविधा, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा और टैक्स प्रणाली को सरल बनाने जैसे कदम स्वागत योग्य हैं। इससे व्यापार में पारदर्शिता आएगी और स्थानीय बाजार मजबूत होंगे। बजट रोजगार सृजन के साथ-साथ व्यापारिक आत्मविश्वास बढ़ाने वाला साबित होगा।

### रोजगार के अवसर होंगे पैदा



अमित मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखा गया है। स्किल डेवलपमेंट, तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप को बढ़ावा देने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। डिजिटल शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों से युवा बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकेंगे।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती



कैलाश विशनानी,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष,बुढार ने कहा कि बजट किसानों के लिए लाभकारी है। सिंचाई, कृषि अधोसंरचना और फसल बीमा पर सरकार का फोकस सराहनीय है। इससे किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।

### मुख्यधारा से जुडेगा कमजोर वर्ग



विमलेश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि बजट महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम है। स्वयं सहायता समूहों, महिला स्वास्थ्य और पोषण योजनाओं के लिए किए गए प्रावधान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। यह बजट समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोडऩे का काम करेगा।

### समग्र विकास की मजबूत नींव रखेगा



संतोष लोहानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि बजट में सडक़, रेल और शहरी विकास पर बढ़ा निवेश दूरगामी परिणाम देगा। इससे न केवल आधारभूत सुविधाएं बेहतर होंगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह बजट देश के समग्र विकास की मजबूत नींव रखेगा।

### बजट के विपक्ष में बयान (कांग्रेस)

### दूर नहीं होंगी जमीनी समस्याएं



अजय अवस्थी, जिलाध्यक्ष ने कहा कि बजट में छोटे व्यापारियों को ठोस राहत नहीं मिली है। महंगाई, बिजली और कच्चे माल की बढ़ती लागत से व्यापारी परेशान हैं, लेकिन बजट में इन मुद्दों पर कोई स्पष्ट समाधान नहीं है। केवल घोषणाओं से व्यापार की जमीनी समस्याएं दूर नहीं होंगी।

### रोजगार को लेकर कोई ठोस योजना नहीं



बलमीत सिंह खनूजा, कार्यवाहक अध्यक्ष ने कहा कि बजट युवाओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस योजना सामने नहीं आई। शिक्षा महंगी हो रही है, जबकि छात्रवृत्ति और फीस में राहत को लेकर बजट मौन नजर आता है।

### किसानों के लिए निराशाजनक बजट



घनश्याम जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बजट किसानों के लि ए निराशाजनक है। कर्ज माफी, फसलों के उचित दाम और बढ़ती लागत पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया। किसान पहले से आर्थिक संकट में हैं और यह बजट उनकी समस्याओं को हल करने में असफल रहा है।

### जनता को कोई सीधी राहत नहीं



डॉ.शिम्पी अग्रवाल महिला नेत्री ने कहा कि बजट में महंगाई से जूझ रही आम जनता को कोई सीधी राहत नहीं दी गई। रसोई गैस, खाद्य पदार्थ और रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। सरकार ने आम आदमी की जेब पर पड़ रहे बोझ को नजरअंदाज किया है।

### पिछड़े क्षेत्रों के साथ न्याय करने में नाकाम



सुजीत सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बजट में जिला स्तर की जरूरतों को नजर अंदाज किया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थानीय उद्योगों के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं दिए गए। यह बजट ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के साथ न्याय करने में नाकाम रहा है।

### हल्दी एवं कोदो कुटकी की खेती के लिए किसानो को करें प्रेरितः कमिश्नर

## कमिश्नर ने मत्स्य, उद्यानिकी एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा




**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग स्तरीय बैठक में मत्स्य, उद्यानिकी एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने एक जिला एक उत्पाद के तहत चिन्हित उत्पाद हल्दी एवं कोदो, कुटकी का रकवा बढाने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दिए। उन्होंने कहा कि हल्दी एवं कोदो कुटकी की खेती के लिए शहडोल संभाग के किसानो को उच्च गुणवत्ता के बीज मुहैया कराए जाएं एवं उनसे होने वाले लाभों से किसानो को अवगत कराएं। आपने एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित उत्पाद के विपणन प्रोसेसिंग तथा पैकेजिंग को व्यवस्थित कर मूल्य संवर्धन के लिए कार्य करने के निर्देश उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। विभागीय योजना पीएमएफएमई के तहत लक्ष्य के अनुरूप प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित करनें के लिए सतत रूप से बैंकों के संपर्क में रहने को कहा। पर ड्रॉप मोर क्राप के तहत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई के लक्ष्य पूरा करने एकीकृत उद्यानिकी विकास योजना के तहत फलदार पौध का रोपण, मशाला एवं सब्जी के खेती का रकवा बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि संभाग में मत्स्य पालन करने वाले व्यक्तियो को मत्स्य संपदा योजना का लाभ दिलाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संभाग के तीनों जिलों में उपलब्ध जलाशयों को उपयोग मत्स्यपालन में किया जाए। मछुआ सहकारी समितियों का गठन कर उन्हें मत्स्यपालन हेतु पट्टे पर तालाब उपलब्ध कराए जाएं। मत्स्यपालन करने वाले कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिससे वे मत्स्यपालन की गतिविधियों हेतु समय पर आवश्यक राशि की व्यवस्था कर सकें। उन्होंने कहा कि मत्स्य संपदा योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करे। कमिश्नर ने बैठक में तालाब पट्टा आवंटन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सहकारिता विभाग के पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की प्रगति, अंकक्षेण प्रगति, कॉमन सर्विस सेंटर, वनोपज समितियां किसान क्रेडिट कार्ड, रबी फसल ऋण वितरण, सोसायटियो से वसूली की प्रगति सहित अन्य विभागीय योजनाओ की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दिए।

## गरीबों की उड़ाकर खिल्ली, खुद की पीठ थपथपा रहे शेखचिल्ली



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जनभावनाओं के साथ खुला विश्वासघात बताते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, युवा और आदिवासी समाज के साथ क्रूर मजाक है। यह बजट नहीं, बल्कि देश की करोड़ों मेहनतकश जनता की उम्मीदों पर किया गया सुनियोजित हमला है। श्री अवस्थी ने कहा कि देश आज रिकॉर्ड महंगाई, चरम बेरोजगारी और गहराते आर्थिक संकट से जूझ रहा है, लेकिन मोदी सरकार ने इन ज्वलंत मुद्दों से मुंह मोड़ लिया है। आम आदमी की थाली से रोटी गायब होती जा रही है, जबकि सरकार चुनिंदा पूंजीपतियों की तिजोरियां भरने में व्यस्त है। बजट में आम जनता को कोई राहत नहीं, केवल झूठे आंकड़े और खोखले दावे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की मांग को एक बार फिर पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। अन्नदाता कर्ज़ और लागत के बोझ तले दबा हुआ है, लेकिन सरकार को उसकी पीड़ा से कोई सरोकार नहीं। वहीं युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, परंतु इस बजट में नए रोजगार सृजन का कोई ठोस रोडमैप नहीं है। यह बजट युवाओं के सपनों और भविष्य पर सीधा प्रहार है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य शहडोल जिला आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है, लेकिन आदिवासी कल्याण के नाम पर बजट में केवल दिखावटी घोषणाएं की गई हैं। न अस्पतालों के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं, न स्कूल-कॉलेजों के लिए और न ही रोजगार के अवसर सृजित करने की कोई गंभीर योजना। यह बजट साफ तौर पर पूंजीपतियों की सरकार का असली चेहरा उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट सबका साथ, सबका विकास नहीं बल्कि कुछ पूंजीपतियों का साथ और देश की जनता का शोषण करने वाला बजट है। गरीबों की हालत पर आंख मूंदकर सरकार अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है। अंत में श्री अवस्थी ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी और काले बजट के खिलाफ सडक़ से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। कांग्रेस हर वर्ग की आवाज़ बनकर जनता के हक़ और अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ती रहेगी।

## पशुपालकों को दुधारू पशुओं को पालने के लिए करें प्रोत्साहितः कमिश्नर

### संभाग में गौशालाओं में रहने वाले गौवंश को प्रोडेक्टिव बनाएं- आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता

### कमिश्नर ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा की



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में संभाग स्तरीय पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पशु पालन विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में दुग्ध उत्पादन को बढाने के लिए पशुपालको को उन्नत किस्म के दुधारू पशु मुहैया कराए एवं पशुपालको को दुधारू पशुओ को पालने के लिए प्रेरित करें। आपने संभाग में संचालित गौशालाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गौशालाओं को उत्पादक गतिविधियों से जोड़ा जाए। ऐसे गौवंश जिन्हें प्रोडक्टिव बनाया जा सकता है। उनका चिन्हांकन कर हिरण्यगर्भाधान योजना के तहत कृतिम गर्भाधान कर उन्नत नस्ल के पशुधन को बढ़ाया जाए। साथ ही गोबर एवं गौमूत्र से प्राकृतिक एवं परंपरागत खेती में उपयोग किए जाने वाले जैविक खाद तथा कीटनाशकों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में तीनों जिले के उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं उपस्थित रहे।

उन्होंने पशु पालन विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण कर प्राप्त लक्ष्यो को यथाशीघ्र पूर्ण करें। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नए पशुपालकों को प्रोत्साहित करें तथा नई डेयरी का संचालन करने वाले हितग्राहियों को विभागीय अमले के माध्यम से पशुओं का बीमा करने के साथ ही पशुआहार, टीकाकरण, तथा उपचार की सतत सलाह एवं मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। आपने जिले में दुग्ध सहकारी समितियों के गठन को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें मिल्क रूट से जोडऩे के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने शहडोल संभाग में पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित क्षीर धारा ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, निर्माणाधीन गौशालाओ, सेक्स सॉर्टेड सीमेन, गौशालाओ में नस्ल सुधार टैग की प्रगति, बधियाकरण, आचार्य विद्यासागर योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर योजना, डेयरी प्लस योजना, बैगा जनजाति को मुख्य मंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना, बकरी इकाई योजना, सहित अन्य योजनाओ की प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दिए।

### शहडोल को मिलेगी विकास की नई रफ्तार

## विधायक शरद कोल की पहल से मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक दौरा

**शहडोल।**

जिले के लिए 8 फरवरी का दिन विकास के लिहाज से बेहद अहम और ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। भाजपा विधायक शरद कोल, व्यवहारी के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री मोहन यादव शहडोल पहुंच रहे हैं। यह पहला अवसर होगा जब मुख्यमंत्री शहडोल जिले में पूरा दिन बिताते हुए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों का लोकार्पण और घोषणाएं करेंगे। इस पूरे दौरे का श्रेय विधायक शरद कोल की सतत कोशिशों, दूरदृष्टि और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को जाता है, जिनके प्रयासों से शहडोल को विकास की नई गति मिलने की पूरी संभावना है।



मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल औपचारिक नहीं, बल्कि ठोस विकास कार्यों और भविष्य की बड़ी योजनाओं की नींव रखने वाला माना जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत जैतपुर विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित वाटर पार्क के लोकार्पण से होगी। यह वाटर पार्क न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए मनोरंजन का नया केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। हालांकि वाटर पार्क का लोकार्पण कार्यक्रम का एक हिस्सा है, लेकिन असली फोकस जिले की आधारभूत जरूरतों को मजबूत करने वाली बड़ी परियोजनाओं पर रहेगा।

सबसे महत्वपूर्ण घोषणा उस महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना को लेकर होने की उम्मीद है, जिससे 2700 हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी। इस परियोजना के लिए विधायक शरद कोल बीते दो वर्षों से लगातार भोपाल जाकर प्रयास करते रहे, अधिकारियों से समन्वय किया और सरकार के समक्ष जिले की जरूरतों को मजबूती से रखा। अब मुख्यमंत्री द्वारा इसकी विधिवत घोषणा की संभावनाओं ने किसानों में नई उम्मीद जगा दी है। यदि यह परियोजना धरातल पर उतरती है तो इसका सीधा लाभ हजारों किसानों को मिलेगा और शहडोल का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल सकता है।

इसके साथ ही एक बड़े विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। यह सब स्टेशन शहडोल, जयसिंहनगर और जैतपुर क्षेत्र के लिए आने वाले लगभग चार दशकों तक स्थायी और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। वोल्टेज की समस्या, बार-बार बिजली कटौती और औद्योगिक गतिविधियों में आने वाली बाधाएं काफी हद तक समाप्त होंगी। यह परियोजना औद्योगिक विकास, व्यापार और घरेलू उपभोक्ताओं—सभी के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा। वे माता शबरी देवी मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। यह सहभागिता क्षेत्र की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता को भी सम्मान देने का प्रतीक होगी।

कुल मिलाकर, यह दौरा शहडोल के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलने वाला है। विकास कार्यों की यह श्रृंखला स्पष्ट संकेत देती है कि जिले को अब उपेक्षा नहीं, बल्कि प्राथमिकता मिल रही है। इसके पीछे सबसे बड़ा योगदान विधायक शरद कोल का है, जिन्होंने लगातार प्रयास कर शहडोल की आवाज सरकार तक पहुंचाई। आने वाले समय में इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहडोल को निश्चित रूप से विकास की नई गति मिलेगी और जिला एक नए दौर में प्रवेश करेगा।

## मक्का के लिए पैदल निकले हाजी आसिफ, शहडोल में हुआ भव्य इस्तकबाल



**शहडोल।** मोहब्बत-ए-रसूल का जज्बा जब परवान चढ़ता है, तो मंजिल की दूरियां और रास्तों की दुश्वारियां बेमानी हो जाती हैं। तेलंगाना के हाजी आसिफ अंसारी इसकी जीती-जागती मिसाल पेश कर रहे हैं। बिना किसी ताम्झाम और दिखावे के, आसिफ अल्लाह की रजा के लिए पवित्र मक्का-मदीना की पैदल उमराह यात्रा पर निकले हैं। 20 दिनों का सफर, हजारों मील की आस अपनी रूहानी यात्रा के 18वें और 19वें दिन शहडोल संभाग के चचाई, धनपुरी और ब्यौहारी पहुंचने पर मुस्लिम समाज ने उनका पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत किया। चचाई में खलील खान और धनपुरी में सैय्यद असगर हुसैन सहित गणमान्य नागरिकों ने उनकी अगवानी की। ब्यौहारी में मौलाना अजहर अशरफी और हाफिज इरफान की मौजूदगी में जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर किसी ने हाजी आसिफ से वतन की सलामती और अमन-चैन की दुआ मांगी। सात मुल्कों की सीमाओं को लांघेंगे कदम हाजी आसिफ का यह सफर केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अटूट विश्वास की परीक्षा भी है। रीवा और प्रयागराज होते हुए वे वाघा बॉर्डर पहुंचेंगे। यहाँ से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक और कुवैत जैसे पांच से अधिक देशों की सीमाओं को पैदल पार करते हुए वे जनवरी 2027 में सऊदी अरब पहुंचेंगे। सादगी से सराबोर हाजी आसिफ का यह जज्बा आज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश पत्र जारी, 7 फरवरी को होगी परीक्षा

**कटनी।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश लेने हेतु आयोजित होने वाली लेटरल एंट्री चयन प्रवेश परीक्षा के लिये नवोदय विद्यालय समिति द्वारा ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश ने बताया कि विद्यार्थी अपनी पंजीयन संख्या एवं जन्मतिथि का उपयोग कर कक्षा 9वीं के लिये नवोदय विद्यालय की वेबसाईट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या आ रही हो, वे कार्यालयीन समय में विद्यालय के परीक्षा प्रभारी के के शर्मा या कार्यालय अधीक्षक से संपर्क कर कर सकते हैं। चयन परीक्षा शनिवार 7 फरवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 10:30 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा दो परीक्षा केन्द्र देल्ही पब्लिक स्कूल (जबलपुर बायपास रोड चाका) एवं बार्डस्ले इंग्लिस मीडियम सीनियर सेकेन्डरी स्कूल (मिशन चौक, कटनी) में आयोजित की जायेगी। जबकि कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा केन्द्र पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा निर्धारित किया गया है।

### नजूल वसूली माधवनगर में शिविर 4 फरवरी को

**कटनी।** नजूल संबंधित वसूली पुनर्वास और धारणाधिकार संबंधित वसूली के लिए अलग-अलग स्थानों में शिविर लगाये जा रहे हैं। संबंधित व्यक्ति शिविर में आकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तहसीलदार द्वारा शिविर के लिये जारी कार्यक्रम के मुताबिक 4 फरवरी को पुत्री शाला माधवनगर में, 6 फरवरी को पंचायत भवन (नगर निगम कार्यालय माधवनगर) में, बुधवार 11 फरवरी को गणेश चौक में और 13 फरवरी को पोस्ट ऑफिस माधवनगर में सुबह 11:30 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### रीठी में संपूर्णता अभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

**कटनी।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा क्रियान्वित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के चयनित आकांक्षी विकासखंड रीठी में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रमेश मेहरा, कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, असिस्टेंट सीईओ जिला पंचायत कटनी, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत, सीईओ जनपद पंचायत रीठी, आकाशी ब्लॉक फेलो, जनपद पंचायत रीठी से अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, विभागीय प्रमुख जिला एवं ब्लॉक तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। नीति आयोग द्वारा संचालित ₹संपूर्णता अभियान 2.0₹ का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन माह की अवधि में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन विभागों से संबंधित 6 प्रमुख संकेतको को 100 प्रतिशत संतृप्ति तक पहुंचना है। यह अभियान विभागीय समन्वय, जन भागीदारी, फ्रंटलाइन वर्कर्स की सक्रिय भूमिका तथा सतत निगरानी पर आधारित है।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर दर्ज हुआ मामला

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्टा मोहल्ला में एक परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने न केवल घर में घुसकर गाली-गलौज की, बल्कि परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। जानकारी के अनुसार घटना गत रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थी के मामा का घर जो मदन मोहन चौबे वार्ड भट्टा मोहल्ला में है, वहां पप्पू खान और गोलू कोल पहुंचे। आरोपियों ने दुकान से अवैध वसूली मांगा और बात न मानने पर घर में घुसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। हमले में चार लोग घायल हुए हैं जिनमें शिवा कोल 17 वर्ष, भागवती कोल 35 वर्ष, शंकर लाल कोल 48 वर्ष, राज उर्फ रामेश्वर कोल 16 वर्ष शामिल हैं।

# पन्नाधार में अनुभूति कार्यक्रम संपन्न





**ब्यौहारी।** वन परिक्षेत्र पश्चिम के अंतर्गत पन्नाधार में अनुभूति कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के तहत भोलहरा हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएं पन्नाधार पहुंचे जहां पर उन्होंने वन भ्रमण किया डिप्टी रेंजर धनीराम पेंड्रो द्वारा वन्यजीवों जंगलों में पानी का कटाव रोकना एवं जीव जंतुओं के बारे में जानकारी दी डॉ शुभम सिंह द्वारा बच्चों को चिकित्सा से संबंधित जानकारी दी गई स्कूल के शिक्षक पंकज शुक्ला द्वारा बच्चों को कई तरह की जानकारी दी गई समाजसेवी डॉ अशोक तिवारी द्वारा मीडिया के बारे में बताया गया जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया, एवं सोशल मीडिया है जिसमें बच्चे इंस्टाग्राम और फेसबुक के एडिक्ट होते जा रहे हैं उसे बच्चों को दूर होना जरूरी है क्योंकि सोशल मीडिया में दिखाई जा रही है हर एक खबर सही नहीं होती इसलिए खबरों को फैक्ट चेक करने के बाद ही आगे शेयर करें वरना किसी दिन मुसीबत में फंस सकते हैं जंगल ट्रेल के बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए परीक्षा के बाद प्रमाण पत्र दिया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंसज सिंह भदोरिया एसडीओ द्वारा का बताया गया कि हमें पर्यावरण की रक्षा करना है वन विभाग के अधिकारियों के बारे में बताया गया कार्यक्रम में विशिष्ट स्थिति के रूप में रामकृपाल बरकड़े जनपद सदस्य ,एवं धांधोकुई के सरपंच राकेश प्रजापति उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन समीम खान ने किया वहीं आभार प्रदर्शन डिप्टी रेंजर धनीराम पेंड्रो द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शेषमणि शर्मा डिप्टी रेंजर, रामकृपाल सिंह सरकंडे , राम गोविंद सिंह डिप्टी रेंजर, स्कूल की तरफ से रजनीश तिवारी हर्षिता अग्निहोत्री पंकज शुक्ला रोहित गुप्ता सुबह पांडे बीट कार्ड बंद समितियां के सदस्य उपस्थित थे।



## अंशु भारती स्कूल में वार्षिक उत्सव संपन्न



**ब्यौहारी।** अंशु भारती स्कूल बुडवा में वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष आकांछी प्रीतू सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, उपेंद्र कुशवाहा, कार्यक्रम के अध्यक्षता स्कूल संचालक उमेश कुशवाहा ने की कार्यक्रम के तहत बच्चों ने लगभग दो दर्जन नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया जिसमें सामाजिक सरोकारों से लेकर समाज में फैली बुराइयों को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसमें आकर्षण का केंद्र स्वच्छ भारत मिशन के थीम सोंग गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल, और शिक्षा को लेकर आनंदी को पढ़ने के लिए अमेरिका भेजना प्रमुख रहा नृत्य में भी एक से बढ़कर एकनाथ प्रस्तुत किए गए 8:00 बजे से शुरू होकर यह कार्यक्रम 11:00 बजे तक चलता रहा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्वनाथ कोल, राजेंद्र गुप्ता अरुण द्विवेदी अंशु कुशवाहा एवं बुढ़वा क्षेत्र की गण मान्य नागरिक, महिला पुरुष स्कूल के अभिभावक छात्र-छात्राएं शमिल हूये ।

### ट्रेन की चपेट में आने से प्रौढ़ की मौत, शिनाख्त नहीं

**कटनी।** रुपौंध-झलवारा रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह हादसा रुपौंध-झलवारा तीसरी लाइन पर किलोमीटर संख्या 1015/21A-23A के मध्य हुआ। घटना की सूचना सुफेर पिता सम्पत राम 36 साल निवासी आजमगढ़ (हाल निवासी रेलवे फाटक, रुपौंध) द्वारा बड़वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाही शुरू की।

रंगनाथ नगर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ, पं. इंद्रेश महाराज कराएंगे कथा का रसपान

## नगर में निकली भव्य शोभायात्रा, जगह जगह अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर में श्रीमद भागवत कथा का शनिवार से भव्य शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा सिद्ध पीठ 1000 दक्षिण मुखी बड़े हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। मंदिर परिसर में विधिविधान से पूजन-अर्चन के पश्चात श्रद्धालु महिलाओं को कलश प्रदान किए गए। सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। भगवा वस्त्रों में सजी महिलाएं, सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। कलश यात्रा में इन्दिरारमण स्वामी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सर्वप्रथम दक्षिण मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर में प्रभु की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मंदिर के सेवादारों द्वारा स्वामीजी की आरती कर उनका अभिनंदन किया गया। सुसज्जित बग्गी में विराजमान महाराज ने शोभायात्रा की भव्यता को और अधिक दिव्यता प्रदान की। यात्रा जैसे-जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ी, पूरा नगर हरि



नाम और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर, आरती उतारकर और शंख-नाद के साथ इस ऐतिहासिक कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। हाथों में ध्वज, भक्ति गीतों पर थिरकते हुए श्रद्धालु चल रहे थे।

श्री रंगनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में कथा व्यास इन्द्रेश उपाध्याय महाराज (श्रीधाम वृंदावन) कथा का अमृतपान कराएंगे। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्री रंगनाथ हनुमान मंदिर के पीछे, रंगनाथ नगर (साउथ स्टेशन के पास) विशाल एवं सुव्यवस्थित पंडाल में किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, फायर ब्रिगेड, पेयजल एवं स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस है। श्रद्धालुओं के लिए 9 विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं।

#### महापौर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों के साथ कथा पंडाल पहुँचकर नगर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महापौर ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने उपस्थित निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कथा आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आयोजन अवधि के दौरान निगम की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएँ। उन्होंने विशेष रूप से नियमित साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, पहुँच मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा सुचारू यातायात संचालन हेतु हांका गैंग को पूर्ण मुस्तैदी से कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम भी है। ऐसे आयोजनों से नगर में सकारात्मक वातावरण निर्मित होता है तथा जनसहभागिता को बढ़ावा मिलता है।

*जिला अस्पताल मे मनाया गया कुष्ठ निवारण दिवस*

## कुष्ठ रोग खान पान या छुआछूत से नहीं होता, समाज में फैली भ्रांतियां निराधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला चिकित्सालय कटनी में कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान भारत सरकार द्वारा कुष्ठ रोग के उन्मूलन और समाज में इसके प्रति फैले भेदभाव को खत्म करने के लिए चलाया जाने वाला एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह अभियान हर साल 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (एंटी-लेप्रोसी डे) के अवसर पर शुरू किया जाता है और 13 फरवरी तक तक चलता है।

अभियान का शुभारंभ कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जारी अपील का वाचन कर कुष्ठ रोगियों का सम्मान करके किया गया। इस दौरान बताया गया कि महात्मा गाँधी के द्वारा कुष्ठ रोगियों की सेवा के माध्यम से यह संदेश समाज में देने का प्रयास है कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जो भ्रम, भय, भ्रान्ति और भेदभाव व्याप्त है, यह निराधार है। कुष्ठ रोग एक साधारण बीमारी है, जो जीवाणु से होता है। कुष्ठ रोग खान-पान या छुआछूत से, पाप-श्राप से नहीं होता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० राज सिंह ठाकुर ने बताया कि इस रोग में चमड़ी के रंग से फीके हल्के बदरंग पीले या गुलाबी रंग के एक या अनेक दाग होते हैं। इन दागों में न दर्द होता है, न चुभन, न ठंडा लगता है न गरम ये दाग सूखे सुन्न हो जाते हैं। किसी-किसी की चमड़ी पर विशेषकर चेहरे पर व अन्य भागों पर तामिया, तेलिया, चमक, गाठे, मोटापन सा लगता है। किसी-किसी को हाथ पैरो में झुनझुनी और सुन्नपन, सूखापन, मोटापन सा लगता है। किसी-किसी को सतही तत्रिका में मोटापन, सूजन हो जाती है व टटोलने पर उसमे दर्द होता है, तो कुष्ठ रोग हो सकता है।

इसके निदान के लिये अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। जिले के शासकीय जिला अस्पताल में प्रतिदिन इस बीमारी की जाँच व उपचार निःशुल्क किया जाता है। ऊपर बताये गये एक भी लक्षण मिलने पर आप अपने पास के आशा कार्यकर्ता या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सीधे जिला चिकित्सालय में संपर्क कर अपनी जाँच करा सकते हैं। यदि आप ग्रामीण क्षेत्र में है तो अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व उपस्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करके अपनी जाँच करा सकते हैं। चूंकि इस रोग में प्रारंभिक अवस्था में कोई परेशानी नहीं होती इसलिए लोग अपनी जाँच कराने नहीं आते और अपनी बीमारी के बारे में अन्य लोगो को नहीं बताते, जिससे बीमारी बढती जाती है।

सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने समाज के सभी लोगों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों एव प्राइवेट चिकित्सको से अपील की है कि कोई भी लक्षण मिलने पर उन रोगियों को जिला अस्पताल के कमरा नं. 62 में या अपने निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर भेजने हेतु प्रेरित करें और कुष्ठ मुक्त की दिशा में एक सराहनीय योगदान दें।

## ग्राम भुड़सा में हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन



ग्राम भुड़सा में 30 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, गौ माता एवं कन्या भूमि पूजन के साथ वैदिक विधि से की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक गुलजार सिंह रहे। मातृशक्ति के रूप में नंदिनी वाटिया उपस्थित रहीं। संतों के सान्निध्य में मुख्य वक्ता चंदन भाईसाहब ने ओजस्वी उद्बोधन देते हुए सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभाव को मजबूत करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में तीरथ प्यासी और राजेश सिंह बैस मौजूद रहे।सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में माता–भगिनी, बुजुर्ग, युवा एवं समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिन सिंह चौहान ने किया।आयोजन को सफल बनाने में खंड कार्यवाह सतेंद्र सिंह, खंड विस्तारक शिवचरण, अनुपम निगम, एच.पी. चंद्रास्वामी, कमलेश पांडे, संजय पाटकर, आशीष सिंह, संदीप महोबिया, गंगाराम साहू, सुजीत महोबिया, सुनील महोबिया सहित अन्य साथियों, समस्त क्षेत्र एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया गया। इसके बाद समरसता भोज के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

## जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में पहुंची 1070 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर पहुंच गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गुरूवार को 1070 मीट्रिक टन यूरिया की खेप झुकेही रैक प्वाइंट पर आई थी। इससे जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

जिला विपणन अधिकारी आनन्द नारायण पांडे ने बताया कि गुरूवार को आने वाली रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 185 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 185 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया में आवंटित की गई है।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद मिली है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

*ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन*

## एकजुट होकर आपसी सहयोग से गांव का समृद्ध विकास करने ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के मुख्यालय में 29 जनवरी को ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी एवं स्थानीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हवारा के सहयोग, और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय के समन्वय से स्थानीय गढ़ी हनुमान मंदिर परिसर में ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी केशव तोमर सुनील विश्वकर्मा, राजेश पांडे, बृजेश नामदेव की उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के प्रथम चरण में उपस्थित महिलाओं के द्वारा संगीत के साथ सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सभी उपस्थित जनों को अपने ग्राम को एकजुट होकर परस्पर सहयोग से सभी क्षेत्रों में समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही शासन की योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ लेते हुए दूसरों को भी लाभ दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

अतिथि के रूप में उपस्थित केशव तोमर ने ग्राम को स्वच्छ बनाने, नशा मुक्त बनाने, विवाद मुक्त बनाने के साथ-साथ जल संचय, पर्यावरण संरक्षण, एवं स्वदेशी अपनाने के संबंध में जानकारी दी और ग्राम को समृद्ध बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की। ग्राम उत्सव के आयोजन में उपस्थित महिलाओं एवं स्कूल के छात्र छात्राओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था के द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। गांव में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाली वरिष्ठ जनों को भी नवांकुर संस्था के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के सेक्टर प्रभारी गनपत कोल, कार्यालय प्रमुख श्रीमती माया गुप्ता, समाजसेवी अवधेश तोमर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र नामदेव सचिव अतुल पांडेय, का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# केंद्रीय बजट पर सियासी संग्राम, कांग्रेस का तीखा हमला

## भाजपा ने बताया सर्वसमावेशी विकास का दस्तावेज

## कांग्रेस ने कहा जनविरोधी और भेदभावपूर्ण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को लेकर संभाग में सियासी हलचल तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इसे सभी वर्गों किसान, युवा, महिला, व्यापारी और गरीब के हित में बताया तो वहीं कांग्रेस ने इसे महंगाई बढ़ाने वाला, जनविरोधी और मध्यप्रदेश व शहडोल संसदीय क्षेत्र की उपेक्षा करने वाला बजट करार दिया है। बजट को लेकर जिले भर में चर्चाओं का दौर जारी है और पक्ष/विपक्ष आमने-सामने हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




रविवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट के बाद शहडोल संभाग में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की प्रतिक्रियाएं सामने आई है। भारतीय जनता पार्टी ने जहां इसे "आत्मनिर्भर भारत" की दिशा में मजबूत कदम बताया, वहीं कांग्रेस ने बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कृषि जैसे बुनियादी क्षेत्रों की अनदेखी का आरोप लगाया है। वही भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन और जिला संयोजक जितेंद्र भट्ट के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों और प्रमुख स्थानों पर बजट का सीधा प्रसारण देखा गया है। भाजपा नेताओं ने बजट की प्रशंसा करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया है तो वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस नेताओं ने संत रविदास जयंती के दिन बजट पेश किए जाने और मध्यप्रदेश को विशेष सौगात न मिलने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। कुल मिलाकर बजट ने संभाग की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है।

### विश्वास और विकास का बजट-दिलीप जायसवाल



मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह बजट विश्वास पर आधारित विकास का बजट है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की स्पष्ट झलक इसमें दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि यह बजट आने वाले दस वर्षों में भारत की दिशा और दशा तय करेगा। भाजपा नेताओं का मानना है कि इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और नवाचार पर फोकस कर देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाने की मजबूत नींव रखी गई है।

### वैश्विक प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक क्षेत्रों पर फोकस-हिमाद्री सिंह



शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि भारत को वैश्विक पटल पर अग्रणी बनाने के लिए अमेरिका और चीन जैसे देशों के समकक्ष रणनीति जरूरी है। इस बजट में रियल एस्टेट, चिप मैन्युफैक्चरिंग और उत्पादन आधारित क्षेत्रों को बढ़ावा दिया गया है। इससे न केवल निवेश बढ़ेगा बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

### लॉजिस्टिक्स और निर्यात को बढ़ावा-विसाहूलाल सिंह



अनूपपुर विधायक व पूर्व मंत्री विसाहूलाल सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि रणनीतिक उत्पादों के निर्माण में आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने पहली बार अलग मालगाड़ी कॉरिडोर की योजना को ऐतिहासिक बताया, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और निर्यात को गति मिलेगी। उनका कहना था कि यह कदम उद्योग और व्यापार जगत के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा।

### युवा, महिला और टैक्सपेयर्स को राहत-रामलाल रौतेल



अनूपपुर के पूर्व विधायक व कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि बजट में युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। टैक्सपेयर्स को राहत देते हुए सजा की जगह नाममात्र पेनल्टी का प्रावधान डरमुक्त टैक्स व्यवस्था की ओर बड़ा कदम है।

### राहत देने वाला समावेशी बजट-हीरा सिंह श्याम



भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने भी इसे किसान, युवा, महिला, उद्योगपति और व्यवसायीयो सभी के लिए राहत देने वाला समावेशी बजट बताया है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है।

### विकसित भारत की ओर तेज़ कदम-अनिल गुप्ता



केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने इसे देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि "विकसित भारत 2047" के सपने को साकार करने की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

अनिल गुप्ता ने कहा कि बजट का केंद्र चार मजबूत स्तंभों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता पर आधारित है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की असली ताकत हैं। सरकार ने इन वर्गों को सशक्त करने के लिए जो योजनाएं पेश की हैं, वे सामाजिक संतुलन और आर्थिक मजबूती दोनों को आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने आम नागरिकों को मिली राहत पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि खेल उपकरण, कैंसर व डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं, मोबाइल फोन, ईवी बैटरियां, लेदर उत्पाद, माइक्रोवेव ओवन और सोलर पैनल सस्ते किए जाने से आम परिवारों का बोझ कम होगा और जीवन स्तर बेहतर बनेगा। अनिल गुप्ता ने बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों को बढ़ावा देने को ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को नए रोजगार मिलेंगे और शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य व प्रशासनिक सेवाओं में डिजिटल क्रांति आएगी।

### आत्मनिर्भर भारत को ध्यान में रखते हुए आया बजट-विवेक कुमार बियानी



भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष विवेक कुमार बियानी केंद्र सरकार द्वारा घोषित बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि आत्मनिर्भर भारत को ध्यान में रखते हुए बजट आया है। इस बजट में सभी वर्ग के लोगों को विशेष रूप से गरीब, युवा, किसान, महिलाओं का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए यह बजट काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। विश्व में बढ़ती हुई भारत का इकोनामिक सेक्टर और मजबूत होकर उभरेगा। रोजगार के लिए सुनहरे अवसर पैदा होंगे। क्योंकि उत्पादन इकाइयों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। रक्षा क्षेत्र में भी भारत की बढ़नी आत्मनिर्भरता और निर्यात को भी नई ताकत मिलेगी। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।

### मंहगाई बढ़ाने वाला जनविरोधी बजट-जीवेन्द्र सिंह



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संत रविदास जयंती के दिन रविवार को बजट पेश किया गया है जबकि संत रविदास जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित है, इससे देश की बहुसंख्यक आबादी को ठेस पहुंची है। बजट में मध्यप्रदेश की अनदेखी हुई है एक नया पैसा भी नहीं दिया गया है जबकि मध्यप्रदेश की जनता ने भाजपा को सभी 29 सीट पर जिताया है। शहडोल संसदीय क्षेत्र की जमकर उपेक्षा की गई है सासंद महोदया बजट की एक भी उपलब्धि जनता को चाह कर भी नहीं बता सकती हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय आईजीएनटीयू में मेडिकल कालेज, अभियांत्रिकी कालेज, कृषि विश्वविद्यालय हेतु बजट में प्रावधान नहीं है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए एक भी पैसे का प्रावधान नहीं है, जनजातीय जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा भी झूठा साबित हुआ। रेललाइन से कोयला परिवहन हेतु बिलासपुर-कटनी रेलखंड में चौथी रेल लाइन विस्तार किया जाना अति आवश्यक है परन्तु बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

### जनविरोधी और भेदभावपूर्ण बजट-डॉ. रोहित मरावी



वहीं पुष्पराजगढ़ विधानसभा के उभरते युवा छात्र नेता डॉ. रोहित मरावी ने बजट को महंगाई बढ़ाने वाला और जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संत रविदास जयंती जैसे राष्ट्रीय अवकाश के दिन बजट पेश कर बहुसंख्यक आबादी की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई। डॉ. मरावी का कहना है कि बजट में मध्यप्रदेश की पूरी तरह अनदेखी हुई है और शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय आईजीएनटीयू में मेडिकल, इंजीनियरिंग और कृषि कॉलेज के लिए कोई बजट नहीं दिया गया, न ही सिंचाई, रेल विस्तार और रोजगार सृजन पर ध्यान दिया गया है।

### पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला बजट-गुड्डू चौहान



अनूपपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्याम कुमार गुड्डू चौहान ने इसे पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला बजट बताते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान और आम जनता के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। भारी टैक्स लगाकर जनता पर बोझ डाला गया है, जिससे छात्र, युवा और किसान पलायन को तेजी से मजबूर होंगे।

कुल मिलाकर केंद्रीय बजट को लेकर जिले भर में राजनीतिक मतभेद स्पष्ट नजर आ रहे हैं। जहां भाजपा इसे विकास और आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप बता रही है, वहीं कांग्रेस इसे जनविरोधी और क्षेत्रीय उपेक्षा का प्रतीक मान रही है। आने वाले समय में बजट के प्रावधान जमीन पर कैसे उतरते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

---

## 41 दिनों से जिले में विचरण कर रहे तीन हाथी

# तीन दिनों से अलग हो कर रातो में खेतों में लगी फसलों का किया नुकसान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



विगत 41 दिनों से तीन हाथियों का समूह अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर तहसील के ग्रामीण इलाकों में विचरण कर रहे हैं बिगत तीन दिनों से एक एवं दो की संख्या में हाथी अलग-अलग होकर घूमते हुए रात के समय ग्रामीणों के खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बना रहे हैं। रविवार के दिन एक हाथी अनूपपुर के सोनमौहरी बीट के जंगल में एवं दो हाथी वन परिक्षेत्र एवं थाना जैतहरी के धनगवां बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। तीन हाथीं का समूह 23 दिसंबर की रात छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत शिवनी बीट के जंगल को पार कर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत थाना तहसील एवं वन परिक्षेत्र जैतहरी के ग्राम पंचायत एवं वन बीट चोलना में प्रवेश कर निरंतर कई दिनों तक जैतहरी के इलाके में विचरण करते हुए विगत 22 जनवरी से अनूपपुर थाना तहसील एवं वन परिक्षेत्र के छुलहा, भगतबांध, भोलगढ, सीतापुर, पोंडी, खांडा, मानपुर, बरबसपुर में विचरण कर रहे हैं। तीनों हाथी सुबह होते ही जंगलों में प्रवेश कर दिन बिताने बाद देर शाम एवं रात होने पर शहडोल मनेद्रगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को पोंडी गांव के समीप से निरंतर पार कर ग्रामीणों के खेतों में लगी फसलों को आहार बना रहे हैं विगत तीन दिनों से तीन हाथियों के समूह सेएक दांत वाला हाथी तथा दो अन्य हाथी दो समूह में बट कर विचरण कर रहे है। शनिवार के दिन एक दांत वाला हाथी पोंडी बीट के जंगल से साम होते ही निकलकर भोलगढ गांव निवासी कैलाश पिता शम्भू पटेल, पसला के मैरटोला निवासी गंगाराम पिता चोभा राठौर के खेतों में लगी गेहूं अरहर एवं अन्य फसलों को अपना आहार बनाते हुए देर रात ट्रैक्टर एवं हो-हल्ला कर भगाए जाने पर सोननदी को पार कर भगतबांध गांव में देवीदीन पिता अमरदीन राठौर के खेत में लगे गेहूं की फसल को पूरी रात खाते हुए रविवार की सुबह अपने दो अन्य साथियों की तलाश में ग्राम अमगवां के गोहाटोला निवासी रमेश पिता मोतीलाल राठौर एवं गणेश सिंह के खेतों में फसलों को खाते हुए सुबह होने पर सोनमौहरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है। वही दो हाथियों का समूह शनिवार के दिन सोनमौहरी बीट के बर्री एवं सेन्दुरी सोनमौहरी गांव के मध्य स्थित बोडवा जंगल में दिन बिताने बाद देर शाम को जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत अमगवां के वार्ड क्रमांक 12 गोहाटोला निवासी रमेश पिता मोतीलाल राठौर के खेत में लगे गेहूं की फसल को खाते हुए अमगवां के नयाटोला पथरहा टोला छुलहा के खिरनाटोला से खिरना नाला पार कर बेलिया अमगवां हाई स्कूल के पीछे से गुवारी, टकहुली, पटौराटोला होते हुए रविवार की सुबह वन परिक्षेत्र थाना एवं तहसील जैतहरी के वन बीट धनगवां के जंगल जो ग्राम पंचायत केवटार के कुशमहाई गांव से लगा हुआ है में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। दो अलग-अलग समूह में बटे हाथियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग द्वारा दो टीमें बनाकर हाथियों पर निगरानी रखते हुए ग्रामीण जनों को सचेत एवं सतर्क रहने की निरंतर हिदायतें दी जा रही हैं वही हाथियों के निरंतर विचरण एवं नुकसान किये जाने पर कई गांव की ग्रामीण रात रात भर जाग कर अपनी एवं गांव की सुरक्षा करने में लगे रहते हैं तीनों हाथी विगत एक सप्ताह से जिला मुख्यालय अनूपपुर के तीन से पांच किलोमीटर की दूरी पर विचरण किए हैं।

---

# अनूपपुर जिले में जेके सीमेंट की शीतकालीन स्कीम

## ठेकेदारों ने प्राप्त किए आकर्षक पुरस्कार, कंपनी की मजबूत उपस्थिति का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिले में आज जेके सीमेंट ने अपनी शीतकालीन स्कीम के तहत ठेकेदारों को पुरस्कार वितरित किए। सितंबर से दिसंबर 2025 तक चली इस स्कीम का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय ठेकेदारों ने अपनी मेहनत का फल प्राप्त किया। यह स्कीम ठेकेदारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई गई थी, जिसमें निर्धारित समयसीमा के भीतर जेके सीमेंट के उत्पादों का अधिकतम उपयोग करने वाले ठेकेदारों को नकद पुरस्कार, उपहार और सम्मान प्रदान किए गए। जेके सीमेंट के रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव आकाश सिंह तिवारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "यह स्कीम ठेकेदार भाइयों की मेहनत और कंपनी के प्रति निष्ठा को सम्मानित करने के लिए शुरू की गई थी। जितना अधिक सीमेंट उन्होंने अपनी साइट्स पर उपयोग किया, उतना ही बड़ा इनाम उन्हें मिला। हमारा लक्ष्य हमेशा पार्टनर्स को मजबूत बनाना रहा है। तिवारी ने आगे बताया कि शीतकालीन मौसम में निर्माण कार्यों की चुनौतियों के बावजूद ठेकेदारों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की, जो कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। कार्यक्रम का शुभारंभ जेके सीमेंट के रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव मैनेजर आकाश सिंह तिवारी और एरिया सेल्स मैनेजर बृजेश त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। उद्घाटन सत्र में सभी उपस्थित ठेकेदारों, डीलरों और कंपनी प्रतिनिधियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। आकाश सिंह तिवारी ने जेके सीमेंट की गौरवपूर्ण यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया, जेके सीमेंट 1975 से भारत के सीमेंट उद्योग में अग्रणी भूमिका निभा रही है। आज कंपनी की उत्पादन क्षमता 31.33 मिलियन टन से अधिक हो चुकी है, जो हमें देश की शीर्ष कंपनियों में स्थापित करती है। उन्होंने कंपनी के प्रमुख उत्पादों का विस्तार से उल्लेख किया। जेके सुपर": मजबूत और किफायती निर्माण के लिए आदर्श। "जेके सुपर स्ट्रांग": उच्च शक्ति वाली परियोजनाओं के लिए। "जेके सुपर प्रोटेक्ट": विशेष सुरक्षा वाली तकनीक से युक्त। इसके अतिरिक्त, तिवारी ने जेके प्रोफिक्स वॉटरप्रूफ कंपाउंड की विशेषताओं पर जोर दिया, जो नमी और रिसाव से बचाव के लिए डिजाइन किया गया है। यह उत्पाद निर्माण उद्योग में क्रांति ला रहा है, खासकर मानसूनी और शीतकालीन परिस्थितियों में। समारोह का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण रहा, जिसमें जिले के तीन शीर्ष ठेकेदारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन ठेकेदारों ने स्कीम अवधि में असाधारण प्रदर्शन किया। "प्रथम पुरस्कार": ठाकुर दिन लल्लू राठौड़ को, जिन्होंने अधिकतम सीमेंट उपयोग के साथ उत्कृष्ट परिणाम दिए। "द्वितीय पुरस्कार" मोहम्मद रिहान को, जिनकी साइट्स पर जेके उत्पादों का प्रभावी उपयोग सराहनीय रहा। "तृतीय पुरस्कार" प्यारेलाल जयसवाल को, जिन्होंने निरंतरता बनाए रखी। इनके अलावा, स्कीम के अन्य लाभार्थियों को आकर्षक उपहार जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, वाउचर और ब्रांडेड सामग्री वितरित की गई। यह वितरण न केवल प्रोत्साहन का माध्यम बना, बल्कि ठेकेदारों के बीच उत्साह का संचार भी किया। कार्यक्रम में जेके सीमेंट के बिजनेस ऑर्गेनाइजर अनीश मंसूरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रमुख डीलरों में एकता एंटरप्राइजेज, श्रीराम ट्रेडर्स, हिंदुस्तान ट्रेडर्स, माय होम ट्रेडर्स, मोहम्मद जावेद खान और संतु अग्रवाल शामिल थे। अनूपपुर जिले के अन्य डीलरों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और सफल बनाया। कंपनी की ओर से विपणन अधिकारी राघवेंद्र साहू तथा तकनीकी अधिकारी सोनू साहू, अभिषेक तिवारी और रोहित सोनी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने ठेकेदारों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह आयोजन जेके सीमेंट की स्थानीय स्तर पर मजबूत नेटवर्क और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। आने वाले समय में अच्छे निर्माण क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है।

---

## रुद्राभिषेक, शाही सवारी, भंडारा व भक्ति जागरण के साथ होगा भव्य आयोजन

# सामतपुर में ऐतिहासिक महाशिवरात्रि महोत्सव 15 फरवरी को



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** महाकाल दरबार सेवा समिति एवं शिव मारुति सेवा समिति सामतपुर के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष महाशिवरात्रि महोत्सव 2026 का तृतीय वर्ष बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी रविवार को शिव मारुति मंदिर, सामतपुर में ऐतिहासिक एवं दिव्य धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, महोत्सव में दिनभर विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं शिवमय वातावरण का संचार होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल विशेष रुद्राभिषेक एवं वैदिक पूजन से होगी। इसके पश्चात उज्जैन से पधारे अघोरी संतों के अखाड़े का विशेष सान्निध्य एवं दर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। संध्या बेला में महाकाल की भव्य शाही सवारी निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर करेगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। रात्रि में भक्ति जागरण, भजन संध्या एवं शिव-शक्ति मिलन कार्यक्रम के माध्यम से पूरी रात शिवभक्ति का वातावरण बना रहेगा। समिति के पदाधिकारियों ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं शिवभक्तों से करबद्ध अपील की है कि वे सपरिवार पधारकर धर्मलाभ प्राप्त करें तथा आयोजन को सफल बनाएं। यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने का भी माध्यम बनेगा।

---

# आईसेक्ट ऑन-सेंटर मीटिंग का किया गया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र क्षेत्रीय कार्यालय अनूपपुर में 31 जनवरी को आईसेक्ट ऑन-सेंटर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित नवीन जानकारी साझा करना एवं केंद्रों को आधुनिक तकनीक से अवगत कराना था। बैठक के दौरान उपस्थित सभी केंद्र प्रतिनिधियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व, उसके उपयोग, तथा भविष्य में शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में इसके प्रभाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। इसके पश्चात हिंदी नॉलेज ओलंपियाड में पूर्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केंद्र को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस सम्मान का उद्देश्य अन्य केंद्रों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करना एवं उनके प्रयासों को सराहना देना था। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की सराहना की एवं भविष्य में ऐसे और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

KALYANIKA KENDRIYA SHIKSHA NIKETAN
BRANCH-PATNA, RAJENDRAGRAM, ANUPPUR(M.P.)
(Affiliated to CISCE-MP076) Email:kksnpatna@gmail.com Mobile-7869908533

ADMISSION OPEN IN DISTRICT'S FIRST ICSE SCHOOL
FROM CLASSES NUR. TO IX CONTACT US ON-9303878620,21

| | |
|---|---|
| Requires- | Highly competent and experienced teachers |
| TGTs- | HINDI, MATHS, S.ST., PHYSICS |
| PRTs- | ALL SUBJECTS |
| PPRTs- | MOTHER TEACHERS |
| MISC.- | Ph. Ed., DANCE (FEMALE), MUSIC, ART & CRAFT |

• Accommodation available for outstation candidates, • Salary is not a constraint for deserving candidates, • Qualifications as per ICSE/CBSE norms.

Walk in Interview with original certificates & recent passport size photograph on 08 Feb 2026 (Sunday) at 10:00 am

आवश्यकता है
हरिभूमि कार्यालय
अनूपपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है
हिंदी टायपिंग व समाचार बनाने का अनुभव आवश्यक है।
अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
संपर्क करें.
मनोज शुक्ला 9425473230
आशीष द्विवेदी 9425472507